आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 11.07.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित उत्तराखंड सहित छह राज्यों को एक हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करने की मंजूरी दी।
- प्रदेश में आज से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा। श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ ही सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए।
- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा – उत्तराखंड के सहकारी बैंकों में ग्राहक सेवाओं में सुधार और विस्तार के लिए गुजरात मॉडल का अनुसरण किया जाएगा।
- यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओजरी के पास बेली ब्रिज तैयार, वाहनों की आवाजाही बहाल हुई।

केंद्र आपदा सहायता

केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, केरल और उत्तराखंड को एक हज़ार 66 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करने की मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले उत्तराखंड राज्य के लिए स्वीकृत की गई धनराशि से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों में तेजी आएगी। साथ ही हजारों प्रभावित परिवारों को सामान्य स्थिति में लाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को आर्थिक सहायता देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है।

कांवड़ यात्रा

प्रदेश में श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा आज से शुरू हो रही है। हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ और अन्य तीर्थ स्थलों की ओर लाखों कांवड़िए गंगाजल लेने निकल पड़े हैं। इस बार यात्रा के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता और तकनीक के समन्वय से व्यवस्थाएं पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ की गई हैं। हर साल हरिद्वार में सबसे अधिक कांवड़िए पहुंचते हैं। इसके चलते आज से मेला समाप्ति तक जिले में 16 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 37 जोनल मजिस्ट्रेट और 124 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो दो पाली में काम कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को संभालेंगे। कांवड़ियों की सुविधा और यात्रा व्यवस्था बनाए रखने के लिये राज्य पुलिस, एसडीआरएफ और अर्धसैनिक बलों के लगभग सात हजार से अधिक जवान तैनात हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत आतंकवादी विरोधी दस्ते– एटीएस की तैनाती भी की गई है, जो संवेदनशील इलाकों में सक्रिय रहेगी। हरिद्वार में मेला क्षेत्र की सीसीटीवी, ड्रोन और कंट्रोल रूम के ज़रिए निगरानी की जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, डॉ. वी मुरुगेशन ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं और सुरक्षा के सभी प्रबंध किये गये हैं।

मेले के दौरान यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य शिविर, एम्बुलेंस, मोबाइल टॉयलेट, पीने का पानी और कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था भी की गई है, जो हर कुछ किलोमीटर पर उपलब्ध रहेगी।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने नाभीढांग से रवाना होकर लिपुलेख दर्रा पार कर चीन क्षेत्र में प्रवेश किया। दल में शामिल यात्री स्वस्थ और उत्साहित है। पहले दल में विभिन्न राज्यों के 45 यात्री शामिल हैं। वहीं दूसरा दल धारचूला से गूंजी के लिए रवाना हुआ। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन, आईटीबीपी, बीआरओ और कुमाऊं मंडल विकास निगम समन्वय के साथ तीर्थयात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में जुटे हैं।

सहकारिता मंत्री

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि उत्तराखंड के सहकारी बैंकों में ग्राहक सेवाओं में सुधार व विस्तार के लिए गुजरात मॉडल का अनुसरण किया जाएगा। साथ ही बैंकों में डिजिटल प्रणाली का उपयोग कर उपभोक्ताओं को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं दी जाएगी। इसके अलावा गैर–निष्पादित परिसंपत्तियों की वसूली को भी ठोस रणनीति बनाई जाएगी। डॉ. ने गुजरात दौरे के दौरान कई सहकारी संस्थानों का भ्रमण किया। उन्होंने बैंक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसमें वहां के अधिकारियों ने बैंक की कार्य–प्रणाली, ग्राहक सेवा सुधार और भविष्य की कार्ययोजनाओं को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने उत्तराखंड की सहकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने पंचमहाल की सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के डेयरी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर दुग्ध उत्पादन, संग्रहण, गुणवत्ता नियंत्रण व किसानों को उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने सहकारी दुग्ध संघ की दुग्ध उत्पादन, संग्रहण, विपणन और पारदर्शी भुगतान व्यवस्था की सराहना की और कहा कि यह मॉडल उत्तराखंड के लिए भी अनुकरणीय है।

बेली ब्रिज उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओजरी के पास बेली ब्रिज का कार्य पूरा हो गया है और मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को फिर से सुचारू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग ने दिन रात कार्य कर बेली ब्रिज का निर्माण पूरा किया। गौरतलब है कि गत 28 जून को भूस्खलन के कारण ओजरी के पास राजमार्ग का कुछ हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था।

मुख्य सचिव

वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ मेले और हर की पैड़ी गलियारा के लिए मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखंड औद्योगिक निवेश एवं विकास बोर्ड की कार्य समिति की बैठक हुई। बैठक में हरिद्वार के सुगम मोबिलिटी प्लान, सौंदर्यीकरण, सैनिटेशन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, तीर्थयात्री सुविधाओं, सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को मनसा देवी, चंडी देवी, माया देवी, दक्ष मंदिर आदि हरिद्वार के मुख्य धार्मिक केंद्रों का पैदल यात्री मार्ग सर्किट प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला अधिकारी, स्थानीय प्रशासन, नगर निगम, संबंधित कंसल्टेंट एजेंसी और संबंधित हितधारकों आपसी समन्वय से 15 दिवस के भीतर इसका प्रस्ताव तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि हरकी पैड़ी का आरती स्थल पर सबसे अधिक भीड़ रहती है और यहां पर भीड़ प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती भी रहता है। इसको देखते हुए उन्होंने यात्रियों के आगमन और निकासी के लिए व्यवस्थित योजना बनाने के निर्देश दिए।

<u>सहायता राशि</u>

श्री कैंचीधाम मंदिर ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में ढाई  करोड़ की धनराशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि कैंची धाम मंदिर ट्रस्ट की ओर से आपदा पीड़ितों की मदद के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जाने वाला सहयोग मानवता की बड़ी सेवा है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

केंद्र सरकार की ओर से उत्तराखंड को आपदा से सुरक्षा के लिये 455 करोड़ रुपए दिये जाने की ख़बर आज लगभग सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। हिंदुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है— इस राशि से राहत, बचाव और सुरक्षात्मक कार्य तेजी से हो पाएंगे।

हरिद्वार कुंभ की तैयारियां तेज, गंगा कॉरिडोर का काम पकड़ेगा रफ्तार। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला सामाचर पत्र लिखता है— मुख्य सचिव ने की ऋषिकेश—गंगा कॉरिडोर की समीक्षा, पन्द्रह दिन में प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के निर्देश।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की एक ख़बर पर अमर उजाला लिखता है— मैदान में 58 हजार 814 प्रत्याशी, 3 हजार 382 नामांकन निरस्त, एक हजार तीन सौ तेरह नाम वापस।

पिरुल एकत्रीकरण बना रोजगार का विकल्प, एक करोड़ सैंतीस लाख की कमाई। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र के अनुसार सरकार की पिरूल लाओ—पैसे पाओ पहल लोगों को प्रोत्साहित कर रही है।

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओजरी में बैली ब्रिज से आवाजाही शुरू होने की ख़बर भी दैनिक जागरण, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा सहित सभी समाचार पत्रों में है।